रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन)-72

REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड
PART II—Section 3—Sub-section

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 270] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 10, 1982/भाद्र 19, 1904
No. 270] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 10, 1982/BHADRA 19, 1904

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वित मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 10 सितम्बर, 1982

स 214/82—केन्द्रीय उत्पाद शुल्क

सा०का०नि० 563(अ).—केन्द्रीय सरकार, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 (1944 का 1) की धारा 37 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 1944 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

अध्याय 1

प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (11वां संशोधन) नियम, 1982 है।

(2) ये उस तारीख को प्रवृत्त होंगे जिसे केन्द्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करे।

2. केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 1944 में (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है) नियम 2 के खण्ड (ii) में,—

(क) "अपील कलक्टर" शब्दों के स्थान पर "कलक्टर (अपील)" शब्द और कोष्ठक रखे जाएंगे।

(ख) [illegible] केन्द्रीय उत्पाद शुल्क [illegible] कलक्टर, शब्दों [illegible] के स्थान [illegible] उत्पाद शुल्क [illegible] शब्द रखे जाएंगे।

[illegible]

(ग) "[illegible]" के स्थान पर "[illegible]" रखे जाएंगे।

[illegible]

अध्याय 12

213 कलक्टर (अपील) को अपील का प्रारूप

(1) [illegible] (अपील) [illegible] उपनियम (1) के अधीन कोई अपील [illegible]

(2) [illegible] जाएगी [illegible] किए जाएंगे —

(क) [illegible] अधिनियम [illegible] उप [illegible] प्राधिकारी [illegible]

या उसकी ओर से कार्य करने के लिए सक्षम किसी अन्य व्यक्ति द्वारा,

(ख) किसी हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब की दशा में, कर्ता द्वारा और, जहां कर्ता भारत से अनुपस्थित है या अपने कार्यों की देख-भाल करने में मानसिक रूप से असमर्थ है वहां ऐसे कुटुम्ब के किसी अन्य व्यस्क सदस्य द्वारा;

(ग) किसी कम्पनी या स्थानीय प्राधिकारी की दशा में, उसके प्रधान अधिकारी द्वारा;

(घ) किसी फर्म की दशा में, उसके किसी भागीदार द्वारा जो अवयस्क नहीं है;

(ङ) किसी अन्य संगम की दशा में, संगम के किसी सदस्य या उसके प्रधान अधिकारी द्वारा; और

(च) किसी अन्य व्यक्ति की दशा में, उस व्यक्ति द्वारा या उसकी ओर से कार्य करने के लिए सक्षम किसी व्यक्ति द्वारा।

(3) प्ररूप सं० के०उ०शु०अ० 1 में अपील का प्ररूप दो प्रतियों में फाइल किया जाएगा और उसके साथ उस विनिश्चय या आदेश की एक प्रति लगाई जाएगी जिसके विरुद्ध अपील की गई है।

214. कलक्टर (अपील) को आवेदन का प्ररूप

(1) धारा 35ङ की उपधारा (5) के अधीन कलक्टर (अपील) को आवेदन प्ररूप सं० के०उ०शु०अ० 2 में किया जाएगा।

(2) आवेदन का प्ररूप, प्ररूप सं०के०उ०शु०अ० 2 में दो प्रतियों में फाइल किया जाएगा और उसके साथ न्याय निर्णायक प्राधिकारी द्वारा पारित विनिश्चय या आदेश की दो प्रतियां (जिनमें से कम से कम एक प्रमाणित प्रति होगी) और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क या सीमा शुल्क कलक्टर द्वारा ऐसे प्राधिकारी को कलक्टर (अपील) को आवेदन करने के लिए निदेश करते हुए पारित आदेश की एक प्रति लगाई जाएगी।

215. कलक्टर (अपील) के समक्ष अतिरिक्त साक्ष्य पेश करना

(1) अपीलार्थी, कलक्टर (अपील) के समक्ष उस साक्ष्य से भिन्न जो उसने न्यायनिर्णायक प्राधिकारी के समक्ष कार्यवाही के दौरान पेश किया हो कोई साक्ष्य चाहे वह मौखिक हो या दस्तावेजी, निम्नलिखित परिस्थितियों के सिवाए, पेश करने का हकदार नहीं होगा, अर्थात् :—

(क) जहां न्यायनिर्णायक प्राधिकारी ने ऐसे साक्ष्य को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया जाना चाहिए ; या

(ख) जहां अपीलार्थी को, उस साक्ष्य को, जिसे पेश करने के लिए उस प्राधिकारी ने उससे अपेक्षा की थी पेश करने से रोके जाने का पर्याप्त कारण है;

(ग) जहां अपीलार्थी को प्राधिकारी के समक्ष किसी साक्ष्य को जो अपील के किसी आधार से सुसंगत है पेश करने से पर्याप्त कारण से रोका गया था; या

(घ) जहां न्यायनिर्णायक प्राधिकारी ने, अपीलार्थी को अपील के किसी आधार से सुसंगत साक्ष्य को पेश करने का पर्याप्त अवसर दिए बिना, आदेश कर दिया है।

(2) उप-नियम (1) के अधीन कोई भी साक्ष्य तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक कि कलक्टर (अपील) स्वीकार किए जाने के कारणों को अभिलिखित न करे।

(3) कलक्टर (अपील), उप नियम (1) के अधीन पेश किए गए किसी साक्ष्य को तब तक नहीं लेगा जब तक कि न्यायनिर्णायक प्राधिकारी या उक्त प्राधिकारी द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी को—

(क) साक्ष्य या दस्तावेजों की परीक्षा करने या अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्षी की प्रति परीक्षा करने, या

(ख) किसी साक्ष्य को प्रस्तुत करने अथवा उप नियम (1) के अधीन अपीलार्थी द्वारा पेश किए गए साक्ष्य का खंडन करने के लिए कोई साक्षी प्रस्तुत करने का कोई युक्तियुक्त अवसर न दिया गया हो।

(4) इस नियम में अंतर्विष्ट किसी बात से कलक्टर (अपील) को किसी दस्तावेज को पेश करने या किसी साक्षी की परीक्षा करने के लिए निदेश देने की शक्तियों पर जिससे कि वह अपील का निपटारा कर सके प्रभाव नहीं पड़ेगा।

अध्याय 12-ख

अपील अधिकरण को अपील

216. अपील अधिकरण को अपीलों आदि का प्ररूप

(1) धारा 35-ख की उप धारा (1) के अधीन अपील अधिकरण को कोई अपील प्ररूप सं० के०उ०शु०अ० 3 में की जाएगी।

(2) धारा 35-ख की उप धारा (4) के अधीन अपील अधिकरण को प्रत्याक्षेपों का ज्ञापन प्ररूप सं० के०उ०शु०अ० 4 में किया जाएगा।

(3) जहां धारा 35-ख की उपधारा (1) के अधीन कोई अपील, या उस धारा की उपधारा (4) के अधीन प्रत्याक्षेपों का ज्ञापन, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क से भिन्न किसी व्यक्ति द्वारा की जाती है/दिया जाता है तो क्रमशः प्ररूप सं० के०उ०शु०अ० 3 और के०उ०शु०अ० 4 में यथास्थिति विष्ट अपील के आधार, प्रत्याक्षेपों के आधार और सत्यापन के प्ररूप पर नियम 213 के उप नियम (2) में विनिर्दिष्ट व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

(4) अपील का प्ररूप प्ररूप सं०के०उ०शु०अ० 3 और प्रत्याक्षेपों का ज्ञापन का प्ररूप, प्ररूप सं० के०उ०शु०अ० 4 में चार प्रतियों में फाइल किया जाएगा और उसके साथ उस आदेश की, जिसके विरुद्ध अपील की गई है, समान संख्या में प्रतियां लगाई जाएंगी (जिनमें से कम से कम एक प्रमाणित प्रति होगी)।

217. अपील अधिकरण को आवेदन का प्ररूप

(1) धारा 35-ङ की उपधारा (1) के अधीन अपील अधिकरण को कोई आवेदन आदेश प्ररूप संख्या के०उ०शु०अ० 5 में किया जाएगा।

(2) आवेदन का प्ररूप, प्ररूप सं० के०उ०शु०अ० 5 में चार प्रतियों में भरा जाएगा और उसके साथ केन्द्रीय उत्पाद शुल्क या सीमा शुल्क कलक्टर द्वारा पारित आदेश या विनिश्चय की प्रतियां बराबर की संख्या में जिनमें से कम से कम एक प्रमाणित प्रति होगी और ऐसे कलक्टर को अपील अधिकरण को आवेदन करने के लिए निदेशित करते हुए प्रशासक द्वारा पारित किए गए आदेश की प्रति लगाई जाएगी।

218. उच्च न्यायालय को निर्देश के लिए अपील अधिकरण को आवेदन का प्ररूप

(1) धारा 35छ की उपधारा (1) के अधीन कोई आवेदन अपील अधिकरण से यह अपेक्षा करते हुए कि वह विधि के किसी प्रश्न का निर्देश उच्च न्यायालय को करे प्ररूप संख्या के०उ०शु०अ० 6 में किया जाएगा और ऐसा आवेदन तीन प्रतियों में फाइल किया जाएगा।

(2) धारा 35छ की उपधारा (2) के अधीन अपील अधिकरण को प्रत्याक्षेपों का ज्ञापन प्ररूप संख्या के०उ०शु०अ० 7 में किया जाएगा और ऐसा ज्ञापन तीन प्रतियों में फाइल किया जाएगा।

(3) जहां धारा 35छ की उपधारा (1) के अधीन कोई आवेदन या उक्त धारा की उपधारा (2) के अधीन प्रत्याक्षेपों का ज्ञापन केन्द्रीय उत्पाद शुल्क या सीमा शुल्क कलक्टर से भिन्न किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है तो क्रमशः प्ररूप संख्या के०उ०शु०अ० 6, के०उ०शु०अ० 7 में यथा अन्तर्विष्ट आवेदन, प्रत्याक्षेपों के ज्ञापन और प्रत्यापन के प्रश्नों पर नियम 213 के उपनियम 2 में विनिर्दिष्ट व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे ।

अध्याय 12—ग

अपीलों से संबंधित अन्य विषय

219. अपील अधिकरण की भाषा :—(1) अपील अधिकरण की भाषा अंग्रेजी होगी ।

(2) उप-नियम (1) में अंतर्विष्ट बात के होते हुए भी अपील अधिकरण के समक्ष कार्यवाही के पक्षकार, यदि वे ऐसा चाहें तो हिन्दी में लिखें गए दस्तावेज फाइल कर सकेंगे ।

220. अपीलों आदि के फाइल करने के लिए प्रक्रिया

(1) अपील प्ररूप संख्या के उ०शु०अ० 3 में या प्रत्याक्षेपों का ज्ञापन प्ररूप संख्या के० उ० शु० अ० 4 में अथवा के० उ० शु० अ० 7 में या आवेदन प्ररूप संख्या के० उ० शु० अ० 5 में अथवा के० उ० शु० अ० 6 में व्यक्तिगत रूप से रजिस्ट्रार या रजिस्ट्रार द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी के पास उपस्थापित किया जाएगा या रजिस्ट्रार अथवा अधिकारी को संबोधित रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजा जाएगा ।

(2) उप-नियम (1) के अधीन कोई अपील या प्रत्याक्षेपों का ज्ञापन या डाक द्वारा भेजा गया आवेदन रजिस्ट्रार या रजिस्ट्रार द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी को उस तारीख को जिसको वह यथास्थिति रजिस्ट्रार के कार्यालय में या ऐसे अधिकारी के कार्यालय में प्राप्त होता है उपस्थापित किया गया समझा जाएगा ।

220-क. अपीलों आदि के उपस्थापित करने की तारीख

नियम 220 के अधीन यथास्थिति रजिस्ट्रार या उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी प्रत्येक अपील या प्रत्याक्षेपों के ज्ञापन या आवेदन पर वह तारीख पृष्ठांकित करेगा, जिसको वह उस नियम के अधीन उपस्थापित किया जाता है या उपस्थापित किया गया समझा जाता है और पृष्ठांकन पर हस्ताक्षर करेगा ।

220-ख. किसी व्यक्ति को प्रत्यार्थी के रूप में संयोजित किया जा सकेगा

(1) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कलक्टर से भिन्न किसी व्यक्ति द्वारा की गई अपील में कलक्टर को प्रत्यर्थी बनाया जाएगा ।

(2) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कलक्टर द्वारा की गई अपील या किए गए आवेदन में दूसरे पक्षकार को यथास्थिति अपील या आवेदन में प्रत्यर्थी बनाया जाएगा ।

220-ग. प्राधिकृत प्रतिनिधियों को प्राधिकृत करने वाले दस्तावेज का अपील आदि से संलग्न किया जाना

विभागीय प्राधिकारी से भिन्न किसी व्यक्ति द्वारा फाइल की गई किसी अपील या प्रत्याक्षेपों के ज्ञापन या आवेदन में प्रतिनिधि को हस्ताक्षर करने और उसकी ओर से उपसंजात होने के लिए प्राधिकृत करने वाला दस्तावेज जहां वह उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित है ऐसी अपील या प्रत्याक्षेपों के ज्ञापन या आवेदन से संलग्न किया जाएगा ।

220-घ. दूसरे पक्षकार को प्रतियां पृष्ठांकित करना

अपील अधिकरण अपील या प्रत्याक्षेपों के ज्ञापन या आवेदन की एक प्रति जैसे ही वह फाइल की जाती है, दूसरे पक्षकार को भेजेगा ।

220-ङ. रोक पिटीशन के फाइल करने और निपटाने के लिए प्रक्रिया

(1) (क) मांगे गए किसी शुल्क या उदग्रहीत शास्ति का निक्षेप करने की अपेक्षा के रोक के लिए अधिनियम के उपबंध के अधीन किया गया प्रत्येक आवेदन अपीलार्थी द्वारा व्यक्तिगत रूप से या उसके सम्यक् रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा तीन प्रतियों में उपस्थापित किया जाएगा या रजिस्ट्रार को अथवा अपीलों को प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी को रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजा जाएगा ।

(ख) ऐसे आवेदन में से प्रत्येक की एक प्रति ही आवेदक द्वारा कलक्टर के प्राधिकृत प्रतिनिधि पर साथ साथ तामील की जाएगी ।

(2) रोक के लिए प्रत्येक आवेदन कागज के एक तरफ स्वच्छ टाइप किया जाएगा और अंग्रेजी में होगा और नियम 219 के उप-नियम (2) के उपबंध ऐसे आवेदन को लागू होंगे ।

(3) रोक के लिए आवेदन में संक्षिप्त रूप से निम्नलिखित का कथन किया जाएगा :

(क) उस शुल्क या शास्ति की मांग की बाबत तथ्य, जिसके निक्षेप के बारे में यह चाहा गया है कि वह रोका/रोकी जाए ।

(ख) शुल्क या शास्ति की ठीक ठीक रकम और उसमें की निर्विवाद रकम और बकाया रकम,

(ग) अधिकरण के समक्ष अपील फाइल करने की तारीख और उसकी संख्या, यदि ज्ञात हो,

(घ) क्या रोक के लिए आवेदन अधिनियम के अधीन किसी प्राधिकारी के समक्ष किया गया था या किसी सिविल न्यायालय के समक्ष और यदि ऐसा है तो उसका परिणाम (पक्षकार, यदि कोई हो, की प्रतियां ऐसे प्राधिकार के साथ संलग्न की जाएंगी)

(ङ) रोक चाहने के लिए संक्षेप में कारण,

(च) क्या आवेदक प्रतिभूति की प्रस्थापना करने के लिए तैयार है और यदि ऐसा है तो किस रूप में,

(छ) प्रार्थनाओं का स्पष्टतः और संक्षेप में उल्लेख किया जाए (उस निश्चित रकम का कथन किया जाए जिसके बारे में चाहा गया है कि वह रोकी जाए) ।

(4) आवेदन की अन्तर्वस्तुओं का अपीलार्थी द्वारा या उसके सम्यक् रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा शपथ लेकर समर्थन किया जाएगा ।

(5) रोक के लिए प्रत्येक आवेदन के साथ संबंधित विभाग के प्राधिकारियों के सुसंगत आदेशों की तीन प्रतियां होंगी जिनके अन्तर्गत वे अपील आदेश, यदि कोई हों, जिनके विरुद्ध अपीलार्थी द्वारा अपील अधिकरण को अपील फाइल की गई है और अन्य दस्तावेज, यदि कोई हों, भी हैं :

तथापि यह कि अपील अधिकरण अपने विवेक से और आवेदक के अनुरोध पर ऐसे आदेशों की प्रतियां फाइल करने की अपेक्षाओं से छूट दे सकेगा ।

(6) कोई आवेदन, जो उक्त अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं है, संक्षेपतः नामंजूर किया जा सकेगा ।

5. उक्त नियमों के नियम 232क के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंतः स्थापित किया जाएगा अर्थात् :—

232-ख. प्राधिकृत प्रतिनिधियों के लिए अर्हताएं

धारा 35घ के प्रयोजनों के लिए किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि में ऐसा व्यक्ति सम्मिलित होगा, जिसने निम्नलिखित अर्हताओं में से, जो कि उक्त

धारा 35थ की उपधारा (2) के खण्ड (ग) के अधीन विनिर्दिष्ट अर्हताएं हैं, कोई अर्हता अर्जित कर ली है, अर्थात् :—

(क) चार्टर्ड अकाउंटेन्ट अधिनियम, 1949 (1949 का 38) के अर्थ के भीतर कोई चार्टर्ड अकाउंटेंट, या

(ख) लागत और संकर्म अकाउंटेंट अधिनियम, 1959 (1959 का 23) के अर्थ के भीतर कोई लागत लेखापाल, या

(ग) कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 (1980 का 56) के अर्थ के भीतर कोई कंपनी सचिव, और जिसने उक्त अधिनियम की धारा 6 के अधीन व्यवसाय का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है, या

(घ) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातकोत्तर या आनर्स की उपाधि धारण करने वाला या व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर उपाधि या डिप्लोमा धारण करने वाला कोई व्यक्ति, या

(ङ) कोई ऐसा व्यक्ति जो सीमा शुल्क या केन्द्रीय उत्पाद शुल्क या व्यापक विभागों में पहले नियोजित था और जो उक्त विभागों में से एक या एक से अधिक में किसी हैसियत में कुल मिलाकर कम से कम दस वर्ष सेवा करने के पश्चात् ऐसे नियोजन से सेवानिवृत्त हो गया है या जिसने पद त्याग दिया है ।

स्पष्टीकरण : इस नियम में "मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय" से नीचे विनिर्दिष्ट विश्वविद्यालयों में से कोई विश्वविद्यालय अभिप्रेत है अर्थात् :—

(i) भारतीय विश्वविद्यालय : तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन निगमित कोई भारतीय विश्वविद्यालय,

(ii) रंगून विश्वविद्यालय

(iii) ब्रिटिश और वेल्स विश्वविद्यालय : बर्मिंघम, ब्रिस्टल कैम्ब्रिज, डरहम, लीड्स लिवरपूल, लन्दन, मैनचैस्टर, रीडिंग, शफील्ड और वेल्स के विश्वविद्यालय,

(iv) स्काटलैण्ड के विश्वविद्यालय. ऐबरडीन एडिनबर्ग ग्लास्गो सेन्ट एन्ड्रूज के विश्वविद्यालय

(v) आयरलैण्ड के विश्वविद्यालय

डबलिन, (ट्रिनिटी महाविद्यालय) के विश्वविद्यालय, क्वीन का विश्वविद्यालय बैलफास्ट और डबलिन का राष्ट्रीय विश्वविद्यालय,

(vi) पाकिस्तान के विश्वविद्यालय :

तत्समय प्रवृत्त किसी विधि द्वारा निगमित कोई पाकिस्तानी विश्वविद्यालय .

(vii) बंग्लादेश के विश्वविद्यालय :

तत्समय प्रवृत्त किसी विधि द्वारा निगमित कोई बंग्लादेश के विश्वविद्यालय ।

232-ग धारा 35थ (5)(ख) के अधीन प्राधिकारी

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कलक्टर जिसकी अधिकारिता ऐसी कार्यवाहियों में है जिनमें ऐसा व्यक्ति, जो कोई विधि व्यवसायी नहीं है अधिनियम के अधीन उक्त कार्यवाहियों के संबंध में कदाचार का दोषी पाया गया है धारा 35थ की उपधारा (5) के खण्ड (ख) के प्रयोजनों के लिए अधिकारी होगा ।

6. उक्त नियमों के परिशिष्ट क (1) में :—

(क) "क (1) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क प्ररूपों की सूची" में क्रम सं० 87 और उनसे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा अर्थात् :—

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क आवलि सं०	प्ररूप का वर्णन	नियम सं०	संक्षिप्त नाम	
88.	अधिनियम की धारा 35 के अधीन कलक्टर (अपील) को अपील का प्ररूप ।	213	के०उ०शु०	1
89.	अधिनियम की धारा 35ङ के अधीन कलक्टर (अपील) को आवेदन का प्ररूप ।	214	,,	2
90.	अधिनियम की धारा 35ख के अधीन अपील अधिकरण को अपील का प्ररूप ।	216	,,	1
91.	अधिनियम की धारा 35ख के अधीन अधिकरण को प्रत्याक्षेपों के ज्ञापन का प्ररूप ।	216	,,	3
92.	अधिनियम की धारा 35ङ के अधीन अपील अधिकरण को आवेदन का प्ररूप ।	217	,,	5
93.	अधिनियम की धारा 35छ के अधीन अपील अधिकरण को निर्देश-आवेदन का प्ररूप	218	,,	6
94.	अधिनियम की धारा 35 छ के अधीन उच्च न्यायालय को निर्देश के मामले में, अपील अधिकरण को प्रत्याक्षेपों के ज्ञापन का प्ररूप ।	218	,,	7

(ख) "ख (II) नमूना प्ररूप" में :—

के पश्चात् निम्नलिखित प्ररूप अन्तःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्.—

प्ररूप संख्या के० उ० शु० अ० ।

[नियम 213(1) देखें]

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 35 के अधीन कलक्टर (अपील) को अपील का प्ररूप ।

1. संख्या ————————— वर्ष —————————

2. अपीलार्थी का नाम और पता —————————

3. उस अधिकारी का पदाभिधान और पता जिसने वह विनिश्चय या आदेश पारित किया है जिसके विरुद्ध अपील की गई है और विनिश्चय या आदेश की तारीख ।

4. अपीलार्थी को उस विनिश्चय या आदेश को, जिसके विरुद्ध अपील की गई है, संसूचित करने की तारीख ।

5. पता जिस पर अपीलार्थी को सूचनाएं भेजी जा सकेंगी ।

6. क्या शुल्क या शास्ति या दोनों का निक्षेप कर दिया गया है, यदि नहीं तो क्या ऐसे निक्षेप से अभिमुक्त कर दिए जाने के लिए

आवेदन किया गया है। (चालान की एक प्रति जिसके अधीन निक्षेप किया गया है, इसके साथ दी जाए)।

7 अपील में दावा की गई राहत।

तथ्यों का कथन

अपील के आधार

अपीलार्थी के हस्ताक्षर

प्राधिकृत प्रतिनिधि
यदि कोई है, के हस्ताक्षर

सत्यापन

मैं ———————————— अपीलार्थी यह घोषणा करता हूं कि ऊपर जो कथित है, वह मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है।

आज तारीख ——————को सत्यापित किया गया।

स्थान ——————

तारीख——————

अपीलार्थी के हस्ताक्षर

प्राधिकृत प्रतिनिधि
यदि कोई है, के हस्ताक्षर

टिप्पण . (1) अपील के आधार और सत्यापन प्ररूप पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियमों के नियम 213 के उपबंधों के अनुसार अपीलार्थी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

(2) अपील का प्ररूप, जिसके अन्तर्गत तथ्यों का कथन और अपील के आधार भी हैं दो प्रतियों में फाईल किया जाएगा और उसके साथ उस आदेश या विनिश्चय की जिसके विरुद्ध अपील की गई है, एक प्रति भी लगाई जाएगी।

प्ररूप संख्या के०उ०शु० अ० 2

[नियम 214 देखें]

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 35 (ग) (4) के अधीन कलक्टर (अपील) को आवेदन का प्ररूप

तारीख ———————————की संख्या ——————————

आवेदक
बनाम
प्रत्यर्थी

1. आवेदक का पदाभिधान और पता (यदि आवेदक न्यायनिर्णायक प्राधिकारी नहीं है तो केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कलक्टर से आवेदन करने के लिए प्राधिकरण की एक प्रति संलग्न करें।

2. प्रत्यर्थी का नाम और पता।

3. उस अधिकारी का पदाभिधान, और पता जिसने वह विनिश्चय या आदेश पारित किया है जिसके संबंध में यह आवेदन किया जा रहा है, तथा विनिश्चय या आदेश की तारीख।

4 वह तारीख जिसको केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 35ग की उपधारा (1) के अधीन केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कलक्टर ने आदेश पारित किया है।

5. न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को उपर्युक्त 4 में निर्दिष्ट आदेश, संसूचित करने की तारीख।

6 राहत के लिए प्रार्थना पत्र।

तथ्यों का कथन

आवेदन के आधार

आवेदक के हस्ताक्षर

टिप्पण . आवेदन का प्ररूप, जिसके अन्तर्गत तथ्यों का कथन और आवेदन के आधार भी है, दो प्रतियों में फाइल किया जाएगा और उसके साथ न्यायनिर्णायक प्राधिकारी द्वारा पारित विनिश्चय या आदेश की दो प्रतियां (जिसमें से कम से कम एक प्रमाणित प्रति होगी) और अधिनियम की धारा 35ग की उपधारा (1) के अधीन केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कलक्टर के आदेश की एक प्रति लगाई जाएगी।

प्ररूप सं० के०उ०शु०अ० 3

[नियम 216 (1) देखें]

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 35 ख के अधीन अपील अधिकरण को अपील का प्ररूप।

सीमा शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और स्वर्ण नियंत्रण अपील अधिकरण में

वर्ष ——————— की अपील संख्या — ——————

अपीलार्थी
बनाम
प्रत्यर्थी

1 उस प्राधिकारी का पदाभिधान और पता जिसने वह आदेश पारित किया है, जिसके विरुद्ध अपील की गई है।

2. उस आदेश की संख्या और तारीख, जिसके विरुद्ध अपील की गई है।

3 उस आदेश का संसूचित किए जाने की तारीख, जिसके विरुद्ध अपील की गई है।

4 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और के० उ० कलक्टर, जिसमें आदेश पारित किया गया था/शास्ति का विनिश्चय किया गया था/जुर्माना किया गया था।

5 न्याय निर्णायक प्राधिकारी का पदाभिधान और पता उन मामलों में, जिनमें वह आदेश, जिसके विरुद्ध अपील की गई है, कलक्टर (अपील) का आदेश है।

6 पता, जिस पर अपीलार्थी को सूचनाएं भेजी जा सकेंगी।

7 पता, जिस पर प्रत्यर्थी को सूचनाएं भेजी जा सकेंगी।

8 क्या उस विनिश्चय या आदेश में जिसके विरुद्ध अपील की गई है कोई ऐसा प्रश्न अंतर्वलित है जिसका संबंध शुल्क की दर या निर्धारण के प्रयोजनार्थ माल के मूल्य से है, यदि नहीं तो यथास्थिति शुल्क या अन्तर्वलित शुल्क, जुर्माने की रकम या अन्तर्वलित शास्ति या अन्तर्वलित माल के मूल्य में अन्तर।

9 क्या शुल्क या शास्ति का निक्षेप कर दिया गया है, यदि नहीं, तो क्या ऐसे निक्षेप से अभिमुक्ति के लिए कोई आवेदन किया गया है (उस चालान की प्रति जिसके अधीन निक्षेप किया गया है, लगाई जाएगी)।

10. अपील में दावा की गई राहतें ।

तथ्यों का कथन
अपील के आधार

1.
2.
3.
4.

इत्यादि

अपीलार्थी के हस्ताक्षर

प्राधिकृत प्रतिनिधि,
यदि कोई है, के हस्ताक्षर

सत्यापन

मैं ····· अपीलार्थी यह घोषणा करता हूं कि जो ऊपर कथित है वह मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है।

आज तारीख ··· को सत्यापित किया गया।

अपीलार्थी के हस्ताक्षर

प्राधिकृत प्रतिनिधि,
यदि कोई है, के हस्ताक्षर

टिप्पण:—

(1) यदि अपील केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कलक्टर से भिन्न किसी व्यक्ति द्वारा की गई है तो अपील के आधार और सत्यापन के प्रारूप पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के नियम 213 के उपबंधों के अनुसार अपीलार्थी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे ।

(2) अपील जिसके अन्तर्गत तथ्यों का कथन और अपील के आधार हैं, चार प्रतियों में फाइल की जाएगी और उसके साथ उस आदेश की, जिसके विरुद्ध अपील की गई है, बराबर की संख्या में प्रतियां लगाई जाएंगी (जिसमें से कम से कम एक प्रमाणित प्रति होगी) ।

(3) अपील का प्रारूप अंग्रेजी (या हिन्दी) में होना चाहिए और उसमें संक्षिप्ततः तथा सुभिन्न शीर्षकों के अधीन अपील के आधार बिना किसी तर्क के या वर्णन के उपवर्णित होने चाहिएं और ऐसे आधार लगातार संख्याकित किए जाने चाहिए ।

(4) अधिनियम के उपबंधों के अधीन संदाय किए जाने के लिए अपेक्षित 200 रु० की फीस का संदाय अधिकरण की न्यायपीठ के सहायक रजिस्ट्रार के पक्ष में उस स्थान पर, जहां न्यायपीठ स्थित है, अवस्थित राष्ट्रीयकृत बैंक की किसी शाखा पर लिखे गए काम बैंक ड्राफ्ट की मार्फत किया जाएगा और मांगपत्र ड्राफ्ट अपील के प्रारूप के साथ संलग्न किया जाएगा ।

प्रारूप संख्या के०उ०शु०अ० 4

[नियम 216 (2) देखें]

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 35ख के अधीन अपील अधिकरण को किए जाने वाले प्रत्याक्षेपों के ज्ञापन का प्रारूप ।

सीमा शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और स्वर्ण (नियंत्रण) अपील अधिकरण में

वर्ष ····· का प्रत्याक्षेप सं० ·····

वर्ष ···· की अपील संख्या ··· ····· में

अपीलार्थी/आवेदक
बनाम
प्रत्यर्थी

1. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और वह कलक्टरी, जिसमें निर्धारण शास्ति/जुर्माने का आदेश/विनिश्चय किया गया था ।

2. यथास्थिति अपीलार्थी या केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कलक्टर द्वारा अपील अधिकरण को फाइल की गई अपील या आवेदन की सूचना की प्राप्ति की तारीख ।

3. पता जिस पर प्रत्यर्थी को सूचनाएं भेजी जा सकेंगी ।

4. पता जिस पर अपीलार्थी/आवेदक को सूचना भेजी जा सकेगी।

5. क्या उस विनिश्चय या आदेश में जिसके विरुद्ध अपील की गई है कोई ऐसा प्रश्न अंतर्वलित है जिसका संबंध शुल्क की दर या निर्धारण के प्रयोजनार्थ माल के मूल्य से है, यदि नहीं तो यथास्थिति शुल्क या अन्तर्वलित शुल्क जुर्माने की रकम या अंतर्वलित शास्तियां अंतर्वलित माल के मूल्य में अंतर ।

6. प्रत्याक्षेपों के ज्ञापन में दावा की गई राहतें ।

प्रत्याक्षेपो के आधार

(1)
(2)
(3)
(4)

प्राधिकृत प्रतिनिधि प्रत्यर्थी के हस्ताक्षर

यदि कोई है, के हस्ताक्षर

सत्यापन

मैं ····प्रत्यर्थी यह घोषणा करता हूं कि जो ऊपर कथित है वह मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है।

प्रत्यर्थी के हस्ताक्षर

प्राधिकृत प्रतिनिधि
यदि कोई है, के हस्ताक्षर

टिप्पण

1. प्रत्याक्षेपों के आधार और सत्यापन के प्रारूप पर, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 1944 के नियम 213 के उपबंधों के अनुसार प्रत्यर्थी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे ।

2. प्रत्याक्षेपो के ज्ञापन का प्रारूप चार प्रतियों में फाइल किया जाएगा ।

3. प्रत्याक्षेपों के ज्ञापन का प्रारूप अंग्रेजी (या हिन्दी में) होगा और उसमें संक्षिप्ततः तथा सुभिन्न शीर्षकों के अधीन प्रत्याक्षेपों के आधार बिना किसी तर्क या वर्णन के उपवर्णित होंगे और ऐसे आधारों को क्रमशः संख्याकित किया जाएगा ।

4. अपील/आवेदन की वह संख्या और वर्ष, जो अपील अधिकरण द्वारा आवंटित हो और प्रत्यर्थी को प्राप्त अपील/आवेदन की सूचना वर्णित हो, प्रत्यर्थी द्वारा फाइल किए जाएंगे।

प्ररूप संख्या के०उ०शु०अ० 5

(नियम 7 देखें)

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 35 ङ (1) के अधीन अपील अधिकरण को आवेदन का प्ररूप ।

सीमा शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और स्वर्ण (नियंत्रण) अपील अधिकरण में

वर्ष .....की अपील संख्या .....

आवेदक
बनाम
प्रत्यर्थी

1. प्रार्थी का पदाभिधान और पता (यदि प्रार्थी न्याय निर्णायक प्राधिकारी नहीं है तो केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, कलक्टर से आवेदन करने के लिए प्राधिकरण की एक प्रति संलग्न करें।
2. प्रत्यर्थी का नाम और पता ।
3. उस अधिकारी का पदाभिधान और पता, जिसने वह विनिश्चय या आदेश पारित किया है, जिसकी बाबत यह आवेदन किया जा रहा है, तथा विनिश्चय या आदेश की तारीख ।
4. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और कलक्टर जिसमें विनिश्चय/आदेश किया गया था ।
5. तारीख जिसको केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 35 ङ की उपधारा (1) के अधीन प्रशासक द्वारा आदेश पारित किया गया है ।
6. न्यायनिर्णयक प्राधिकारी के उपर्युक्त 3 में निर्दिष्ट आदेश को संशोधित करने की तारीख ।
7. क्या उस विनिश्चय या आदेश में जिसके विरुद्ध अपील की गई है कोई ऐसा प्रश्न अंतर्वलित है जिसका संबंध शुल्क की दर या निर्धारण के प्रयोजनार्थ माल के मूल्य से है, यदि नहीं तो यथास्थिति शुल्क या अन्तर्वलित शुल्क जुर्माने की रकम या अंतर्वलित शास्तियां अंतर्वलित माल के मूल्य में अंतर ।
8. आवेदन में दावा की गई राहतें।

तथ्यों का कथन
आवेदन के आधार

आवेदक के हस्ताक्षर

प्राधिकृत प्रतिनिधि,
यदि कोई है, के हस्ताक्षर

टिप्पण:—आवेदन का प्ररूप, जिसके अंतर्गत तथ्यों का कथन और आवेदन के आधार भी हैं, चार प्रतियों में फाइल किये जाएंगे और उसके साथ न्यायनिर्णायक प्राधिकारी द्वारा पारित विनिश्चय या आदेश की प्रतियां बराबर की संख्या में (जिनमें से कम से कम एक प्रमाणित प्रति होगी। और धारा 35ङ की उपधारा (1) के अधीन बोर्ड द्वारा आदेश की एक प्रति लगाई जाएगी।

प्ररूप सं० के०उ०शु०अ० 6

[नियम 218 (1) देखें]

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 35 (ङ) (1) के अधीन निर्देश आवेदन का प्ररूप।

सीमा शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और स्वर्ण (नियंत्रण) अपील अधिकरण में

(अपीलार्थी का नाम).....की अपील के मामले में वर्ष का (निर्देश आवेदन संख्या).....

(कार्यालय द्वारा भरा जाए)

.....आवेदक
बनाम
.....प्रत्यर्थी

1. राज्य या संघ राज्य क्षेत्र और वह कलक्टरी जहां से आवेदन फाइल किया गया है ।
2. अपील की संख्या जिससे निर्देश उद्भूत होता है।
3. पता जिस पर आवेदक को सूचनाएं भेजी जा सकेंगी ।
4. पता जिस पर प्रत्यर्थी को सूचनाएं भेजी जा सकेंगी।
5. उपर्युक्त अपील का विनिश्चय तारीख .....को अपील अधिकरण की न्यायपीठ .....द्वारा किया गया था ।
6. केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 35 ग के अधीन आदेश की सूचना की तारीख आवेदक पर ..... को की गई थी ।
7. तथ्य, जो अपील अधिकरण द्वारा स्वीकार किए गए और/या पाए गए हैं तथा जो मामले का कथन बनाने के लिए आवश्यक हैं, तुरंत निर्देश के लिए संलग्नक में कथित हैं।
8. अपील अधिकरण के आदेश से निम्नलिखित विधि के प्रश्न उद्भूत होते हैं:—

(1)
(2)
(3)
(4)

इत्यादि

9. आवेदक केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 35 छ की उपधारा (1) के अधीन यह अपेक्षा करता है कि मामले का कथन बनाया जाए और पैरा 8 में निर्दिष्ट विधि के प्रश्नों को उच्च न्यायालय को निर्दिष्ट किया जाए ।
10. नीचे विनिर्दिष्ट रूप में दस्तावेजों और उनकी प्रतियों को (जहां दस्तावेजों का अंग्रेजी में अनुवाद आवश्यक है, संलग्न है) मामले के कथन के साथ उच्च न्यायालय को अग्रेषित किया जाए।

आवेदक के हस्ताक्षर

प्राधिकृत प्रतिनिधि,
यदि कोई है, के हस्ताक्षर

सत्यापन

मैं .....आवेदक घोषणा करता हूं कि जो ऊपर कथित है, वह मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है । आज तारीख .....को सत्यापित किया गया ।

आवेदक के हस्ताक्षर

प्राधिकृत प्रतिनिधि,
यदि कोई है, के हस्ताक्षर

टिप्पण

1. प्रावेदन के प्रारूप और सत्यापन पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 1944 के नियम 213 के उपबंधों के अनुसार आवेदक द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

2 आवेदन तीन प्रतियों में फाइल किया जाएगा।

3 अधिनियम के उपबंधों के अधीन संदाय किए जाने के लिए अपेक्षित 200 रु० की फीस का संदाय अधिकरण की न्यायपीठ के सहायक रजिस्ट्रार के पक्ष में उस स्थान पर जहां न्यायपीठ स्थित है, अवस्थित राष्ट्रीयकृत बैंक की किसी शाखा पर लिखे गए रेखित बैंक ड्राफ्ट की मार्फत किया जाएगा और मांगदेय ड्राफ्ट निर्देश आवेदन के प्रारूप के साथ संलग्न किया जाएगा।

प्ररूप सं० के० उ० शु० प्र० 7

[नियम 218 (2) देखें]

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 35 (छ) (2) के अधीन उच्च न्यायालय को निर्देश के मामले में अपील अधिकरण को किए जाने वाले प्रत्याक्षेपों के ज्ञापन का प्ररूप।

सीमा शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और स्वर्ण (नियंत्रण) अपील अधिकरण में

वर्ष...... का प्रति निर्देश आवेदन संख्या ......

वर्ष...... का निर्देश आवेदन संख्या ....

.... आवेदक

बनाम

.... प्रत्यर्थी

1. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और कलक्टरी जहां से प्रत्याक्षेपों का ज्ञापन फाइल किया गया है।

2. प्रत्यर्थी द्वारा अपील अधिकरण में फाइल किए गए आवेदन की सूचना की प्राप्ति की तारीख।

3 पता जिस पर प्रत्यर्थी को सूचनाएं भेजी जा सकेंगी।

4 पता जिस पर आवेदक को सूचनाएं भेजी जा सकेंगी।

5. तथ्य जो अपील अधिकरण द्वारा स्वीकार किए गए और/या पाए गए हैं तथा जो मामले का कथन बनाने के लिए आवश्यक हैं, तुरन्त निर्देश के लिए संलग्नक में कथित हैं।

6. अपील अधिकरण के आदेश से निम्नलिखित विधि के प्रश्न उद्भूत हैं--

1.

2.

3.

4

7. प्रत्यर्थी केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 35 छ की उपधारा (1) के अधीन यह अपेक्षा करता है कि मामले का कथन बनाया जाए और उपर्युक्त पैरा 6 में निर्दिष्ट विधि के प्रश्नों को उच्च न्यायालय को निर्दिष्ट किया जाए।

8. नीचे विनिर्दिष्ट रूप में दस्तावेजों और उनकी प्रतियों को (जहां दस्तावेजों का अंग्रेजी अनुवाद आवश्यक समझा गया है) मामले के कथन के साथ उच्च न्यायालय को अग्रेषित किया जाए।

प्राधिकृत प्रतिनिधि,

यदि कोई है, के हस्ताक्षर प्रत्यर्थी के हस्ताक्षर

सत्यापन

मैं ......प्रत्यर्थी यह घोषणा करता हूं कि जो ऊपर कथित है, वह मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है।

आज तारीख ...... को सत्यापन किया गया

प्राधिकृत प्रतिनिधि,

यदि कोई है, के हस्ताक्षर

प्रत्यर्थी के हस्ताक्षर

टिप्पणी

1 प्रत्याक्षेपों के ज्ञापन के प्ररूप और सत्यापन के प्ररूप पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 1944 के नियम 213 के उपबंधों के अनुसार हस्ताक्षर किए जायेंगे।

2 प्रत्याक्षेपों का ज्ञापन तीन प्रतियों में फाइल किया जायेगा।

[फा० सं० 208/25/82-के०उ० 6]

सी० महेश, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

NOTIFICATION

New Delhi, the 10th September, 1982

No. 214/82-CENTRAL EXCISE

G.S.R. 563(E).—In exercise of the powers conferred by section 37 of the Central Excises and Salt Act, 1944 (1 of 1944), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Central Excise Rules, 1944, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Central Excise (11th Amendment) Rules, 1982.

(2) They shall come into force on such date as the Central Government may, by notification in the Official Gazette, appoint.

2. In rule 2 of the Central Excise Rules, 1944 (hereinafter referred to as the said rules), in clause (iia),—

(a) for the words, "Appellate Collcetor" means the words and brackets, "Collector (Appeals)" means' shall be substituted :

(b) for the words "Appellate Collector of Central Excise" wherever they occur, the words and brackets "Collector of Central Excise (Appeals)" shall be substituted.

3. In Chapter XII of the said rules—

(a) for the heading "Penalties, confiscations and appeals", the heading "Penalties and confiscations" shall be substituted;

(b) rules 213 and 214 shall be omitted.

4. After Chapter XII of the said rules, the following Chapters shall be inserted, namely :—

"CHAPTER XIIA

Appeals to Collector (Appeal)

213. Form of appeal to Collector (Appeals)

(1) An appeal under sub-section (1) of section 35 to the Collector (Appeals) shall be made in Form No. E.A.1.

(2) The grounds of appeal and the form of verification as contained in Form No. E.A.1, shall be signed —

(a) in the case of an individual, by the individual himself of where the individual is absent from India, by the individual concerned or by some person duly authorised by him in this behalf and; where the individual is a minor or is mentally incapacitated from attending to his affairs, by his guardian or by any other person competent to act on his behalf;

(b) in the case of a Hindu undivided family, by the Karta and, where the Karta is absent from India or is mentally incapacitated from attending to his affairs, by any other adult member of such family;

(c) in the case of a company or local authority, by the principal officer thereof;

(d) in the case of a firm, by any partner thereof, not being a minor;

(e) in the case of any other association, by any member of the association or the principal officer thereof; and

(f) in the case of any other person, by that person or some person competent to act on his behalf.

(3) The form of appeal in Form No. E.A1,, shall be filed in duplicate and shall be accompanied by a copy of the decision or order appealed against.

214. Form of application to the Collector (Appeals)

(1) An application under sub section (4) of section 35E to the Collector (Appeals) shall be made in Form No. E.A.-2.

